# उप्र मोटोजीपी मोटरसाइकिल रेस की फिर करेगा मेजबानी

- इन्वेस्ट यूपी व डोर्ना स्पोर्ट्स के बीच करार, वर्ष 2025 में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजन
- मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डोर्ना स्पोर्ट्स के कार्मेलो एजपेलेटा ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: उत्तर प्रदेश वर्ष 2025 में होने वाली मोटोजीपी मोटरसाइकिल रेस की फिर मेजबानी करेगा। ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने वाली मोटो जीपी रेस के वार्षिक आयोजन के लिए गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी और डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल के बीच करार हुआ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल की ओर से कार्मेलो एजपेलेटा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मुख्य सचिव ने इस समझौते को उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताया। कहा, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा के आयोजन से अंतरराष्ट्रीय निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मोटो जीपी के आयोजन से न केवल हमारा राज्य वैश्विक मंच पर उभरेगा, बल्कि पर्यटन, आतिथ्य और संबंधित क्षेत्रों में आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यक्रम दुनिया भर के आगंतुकों को आकर्षित करेगा। प्रदेश सरकार ने मोटोजीपी आयोजन की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति भी बनाई है।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ सदस्य होंगे। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी और डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी भी इस समिति में बतौर सदस्य शामिल किए जाएंगे। कार्यकारी समिति को सहयोग देने के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी और कारपोरेट जगत से जुड़े कुछ लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।